राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांक: 03.08.2021

आयोग द्वारा **विधि रचनाकार** (Law & Legal Affairs Deptt) प्रतियोगी परीक्षा, 2021 का आयोजन दिनांक 26.07.2021 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक तथा **सहायक परीक्षण अधिकारी** (सार्वजनिक निर्माण विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2021 व **अधीक्षक उद्यान** (सार्वजनिक निर्माण विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2021 का आयोजन क्रमशः दिनांक 27.07.2021 व 28.07.2021 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक **अजमेर जिला मुख्यालय पर** किया गया।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 05.08.2021 से 14.08.2021 तक अभ्यर्थी का नाम, परीक्षा केन्द्र, फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑन लाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑन लाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑन लाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑन लाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षा में केवल ऑन लाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करे। ऑफ लाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तो के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(शुभम् चौधरी)
सचिव